# 20% ज्यादा गैस दी जाएगी

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिए निर्देश

- गैस संकट के बीच राज्यों को राहत : केंद्र
- ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट और कैंटीन को देंगे प्राथमिकता



**नई दिल्ली, 21 मार्च. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को बड़ी राहत दी है. इस संबंध में मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर एलपीजी सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है.**

उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि 23 मार्च से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा गैस दी जाएगी. इसके बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट (प्री-क्राइसिस लेवल) से पहले के स्तर के 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी. यह जो अतिरिक्त 20 प्रतिशत गैस दी जाएगी, उसका प्रयोग चुने गए सेक्टरों के लिए प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा.

डॉ. मित्तल के पत्र के मुताबिक, यह सप्लाई मुख्य रूप से ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट और इंडस्ट्रियल कैंटीन को दी जाएगी. इसके पीछे सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खान-पान की सेवाओं और फूड इंडस्ट्री पर संकट का असर कम से कम से कम हो.

### प्रवासी मजदूरों को 5 किग्रा सिलेंडर दिए जाएं

प्रवासी मजदूरों की जरूरतों का भी मंत्रालय ने ध्यान रखा है. पत्र के मुताबिक 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर प्रवासी मजदूरों को उपलब्ध कराया जाए. इस बारे में सचिव ने राज्यों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस अतिरिक्त आवंटन की कालाबाजारी या डायवर्जन (गलत इस्तेमाल) न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं.

### फूड प्रोसेसिंग और डेयरी सेक्टर को भी राहत

इसके अलावा गैस की अतिरिक्त खेप का फायदा फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी सेक्टर को भी मिलेगा. वहीं राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा चलाई जा रही सब्सिडी की कैंटीन और आउटलेट्स को भी इसमें शामिल किया गया है. इसके साथ ही सामुदायिक रसोई को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है, जिससे आम लोगों तक भोजन की पहुंच बनी रहे.

### अगले आदेश तक जारी रहेगी यह व्यवस्था

यह नई व्यवस्था 23 मार्च से लागू होगी और अगली सूचना तक जारी रहेगी. फिलहाल देश में एलपीजी की कमी है, ऐसे में सप्लाई को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना एक बड़ा कदम माना जा रहा है. सरकार हालात पर नजर रखे हुए है, जिससे आगे चलकर सप्लाई को पहले जैसे सामान्य स्तर (100 प्रतिशत) तक पहुंचाया जा सके.

# भारी भीड़ के कारण रोकी वैष्णो देवी यात्रा : श्राइन बोर्ड

**जम्मू, 21 मार्च.** भारी भीड़ के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है. श्राइन बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि शनिवार दोपहर तक 39 हजार लोगों ने माता के दर्शन किए. इसके बाद भक्तों की भारी भीड़ के चलते यात्रा रोक दी गई. नवरात्र के कारण बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं. इसी वजह से भारी भीड़ हो रही है. ऐसे में यात्रा रोक दी गई है, लेकिन यह साफ नहीं है कि इसे कब तक के लिए रोका गया है.

श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस गाड़ियों ने यात्रा रोकने की घोषणा की और रविवार सुबह 4 बजे से नया रजिस्ट्रेशन फिर से शुरू होगा. घोषणा में कहा गया है कि यात्रा रोक दिए जाने के कारण तीर्थयात्रियों को अपने होटल वापस जाने के लिए कहा गया है. अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पवित्र शत चंडी महायज्ञ शुरू हो गया है, जो चैत्र नवरात्रि 2026 की शुभ शुरुआत का संकेत है.

# सोशल मीडिया पर अपलोड पुलिस के वीडियो को लेकर अदालत चिंतित

## मुकदमे की निष्पक्ष सुनवाई के लिए खतरा- सुको

**नई दिल्ली, 21 मार्च. सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान मोबाइल फोन से शूट किए गए वीडियो को तुरंत सोशल मीडिया पर अपलोड करने को एक गंभीर समस्या बताया. इसके साथ ही इसे निष्पक्ष मुकदमे के लिए बड़ा खतरा भी बताया. कोर्ट की यह टिप्पणी उस पीआईएल पर सुनवाई के दौरान आई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पुलिस अक्सर आरोपी के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देती है, जिससे जनता के मन में पक्षपात पैदा होता है.**

इतना ही नहीं पीआईएल में यह भी कहा गया कि पहले ही राज्यों को मीडिया ब्रीफिंग के लिए दिशा-निर्देश बनाने को कहा गया है, जो सोशल मीडिया पोस्ट को भी कवर करेगा. इस पर



सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि हर व्यक्ति मोबाइल फोन के साथ खुद को मीडिया मानने लगा है.

### सीजेआई ने इसे डिजिटल गिरफ्तारी जैसा बताया

इसके साथ ही सीजेआई सूर्यकांत ने इसे डिजिटल गिरफ्तारी जैसा बताया और कहा कि लोग खुद को मीडिया बताकर अलग तरीके से प्रदर्शित कर रहे हैं. उन्होंने सुझाव दिया कि पीआईएल को फिलहाल वापस ले लिया जाए और अप्रैल के बाद एसओपी लागू होने के बाद व्यापक दायरे के साथ दोबारा दायर किया जाए. कोर्ट के इस सुझाव को वकील ने मान लिया.

### न्यायमूर्ति ने एसओपी बनाने पर दिया जोर

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि केवल पुलिस को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के जरिए नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन मीडिया और सोशल मीडिया के प्रभाव को रोकना मुश्किल है. उन्होंने कहा कि मीडिया ट्रायल का खतरा बढ़ रहा है, क्योंकि कुछ प्लेटफॉर्म केवल ऑनलाइन काम कर रहे हैं और लोगों को ब्लैकमेल भी कर सकते हैं. कोर्ट की टिप्पणी के बाद वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने बताया कि पुलिस कभी-कभी आरोपी को हाथकड़ी में दिखाने, घसीटने या झुकाने जैसी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल देती है, जो व्यक्तिगत सम्मान और निष्पक्षता के लिए खतरा है.

# ब्रिटेन में दिमागी बुखार का प्रकोप

- स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया 'हाई अलर्ट'

**लंदन, 21 मार्च. ब्रिटेन के स्वास्थ्य सुरक्षा निकाय ने देश के कई हिस्सों में मेनिंजाइटिस (मस्तिष्क ज्वर) के मामलों में अचानक हुई वृद्धि के बाद हाई अलर्ट जारी किया है. पिछले दो हफ्तों में लंदन और दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के कुछ इलाकों में संक्रमण के मामलों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ गयी है.**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रकोप विशेष रूप से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं को प्रभावित कर रहा है. यूकेएचएसए के मुख्य चिकित्सा सलाहकार ने चेतावनी दी है कि मेनिंजाइटिस बी और डब्ल्यू स्ट्रेन के मामले अधिक देखे जा रहे हैं. अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे टीकाकरण की स्थिति की तुरंत जांच करें. ब्रिटिश सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन टीकाकरण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है. स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में बयान देते हुए कहा कि अस्पतालों को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिससे समय रहते इलाज सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने जनता से अपील की है कि यदि किसी में भी शुरुआती लक्षण दिखें, तो बिना देरी किये चिकित्सवा सेवाओं से संपर्क करें. विशेषज्ञों का कहना है कि मेनिंजाइटिस एक जानलेवा बीमारी हो सकती है, लेकिन सही समय पर एंटीबायोटिक्स और चिकित्सा सहायता से इसे काबू में किया जा सकता है.

# 20 राज्यों में भारी बारिश के आसार

## मौसम विभाग ने पूर्वानुमान किया जारी




**नई दिल्ली, 21 मार्च. मौसम विभाग ने 23 मार्च तक का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा, जिसका सबसे अधिक प्रभाव उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर रहेगा, जिससे मेघ गर्जन, तेज हवाओं के साथ बारिश एवं बर्फबारी होगी.**

आईएमडी ने अगले कुछ घंटे में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में बादल छाए रहने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवा के साथ बारिश का अंदेशा जताया है. इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा व न्यूनतम-अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की कमी बनी रहेगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत रहेगी.

**बिहार में छाए बादल :** बिहार में मौसमी गतिविधियां होने से गर्मी से राहत है और कई जिलों में अभी भी बादल छाए हुए हैं. आईएमडी का पूर्वानुमान है कि पटना, गया, दरभंगा, नालंदा, भोजपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, वैशाली, जहानाबाद, बक्सर, अरवल, कैमूर, नवादा, जमुई, रोहतास, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और मधुबनी समेत कई अन्य जिलों में आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी के साथ हल्की बारिश, ओलावृष्टि की चेतावनी है. आईएमडी ने खराब मौसम के दौरान खुले आसमान से दूर रहने की सलाह दी है. इसके अलावा यूपी, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब , केरल-कर्नाटक के कई हिस्सों में बारिश-आंधी होने के आसार है.

### पूर्वोत्तर में मौसम पकड़ेगा जोर

पूर्वोत्तर में अब मौसम जोर पकड़ेगा और अगले कई दिनों तक ओडिशा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल समेत कई अन्य राज्यों में 70 किमी की रफ्तार से आंधी-तूफान और भारी बारिश का दर्ज की जाएगी. उधर, महाराष्ट्र, गोवा में भी मौसमी गतिविधियां होंगी. स्काईमेट ने दक्षिण भारत में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से 24 मार्च तक तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है.



# संघर्ष में है 'आप' की नींव : सिसोदिया


- 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम के तहत आयोजन

**अमृतसर, 21 मार्च. आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अमृतसर में 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम के तहत पार्टी नेताओं, विधायकों, ब्लॉक इंचार्ज और पदाधिकारियों को संबोधित किया.**

उन्होंने कहा कि पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए विधायकों को पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी और हर गांव की रोजाना जवाबदेही पक्की करनी होगी. उन्होंने पूरे पंजाब में नशे के खिलाफ एक मजबूत और मिशन-मोड लड़ाई की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि 'आप' की नींव संघर्ष और कुर्बानी में है, उन्होंने आगे कहा कि सत्ता जाने के बाद भी हमने ऐसे स्कूल और अस्पताल बनाए जो भारत में पहले कभी नहीं देखे गए.

# ईवीएम-वीवीपीएटी का रैंडमाइजेशन

- चुनाव आयोग ने दी जानकारी
- गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 को होगा मतदान



**नई दिल्ली, 21 मार्च (वार्ता) चुनाव आयोग ने असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) इकाइयों के रैंडमाइजेशन का पहला चरण पूरा कर लिया है. चुनाव आयोग ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी.**

विज्ञप्ति के मुताबिक ईवीएम का आवंटन पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक सख्त दो-स्तरीय रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत किया जाता है. प्रथम चरण में ईवीएम को जिला स्तरीय गोदामों से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में उन्हें निर्वाचन क्षेत्र स्तर से व्यक्तिगत मतदान केंद्रों के लिए फिर से रैंडमाइज किया जाता है. चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिला निर्वाचन अधिकारियों को केवल उन मशीनों के लिए प्रथम दौर का रैंडमाइजेशन पूरा करना था, जिन्होंने सफलतापूर्वक 'प्रथम स्तर की जांच' (पूरी कर ली थी. यह प्रक्रिया अब न केवल तीन चुनावी क्षेत्रों में, बल्कि गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में होने वाले उपचुनावों के लिए भी पूरी हो गई है, जहां 9 अप्रैल को मतदान होना है. अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यह रैंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'ईवीएम प्रबंधन प्रणाली' का उपयोग करके किया गया था. वक्तव्य में कहा गया, चुनावी प्रक्तिया में विश्वास बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ पूरी कवायद पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई. प्रथम चरण के पूरा होने के बाद, रैंडमाइज की गई मशीनों की निर्वाचन क्षेत्रवार सूची जिला मुख्यालयों पर पार्टी प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई है.

### असम विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी

असम में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. सभी प्रमुख पार्टियां चुनावी तैयारियों में जुट चुकी हैं. इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है. बीजेपी ने अपनी दूसरी सूची में दो उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं. पार्टी ने दलगांव विधानसभा सीट से कृष्णा साहा और सिसिबरगांव सीट से जीवन गोगोई को मैदान में उतारा है. इससे पहले बीजेपी पहली सूची में 88 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी थी. पहली सूची में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की सीट भी तय कर दी गई थी, जिससे यह साफ हो गया था कि पार्टी इस बार भी मजबूत रणनीति के साथ चुनाव लड़ने जा रही है. असम में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 9 अप्रैल को कराया जाएगा. राज्य की कुल 126 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे. चुनाव आयोग ने इसके लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी हैं. वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी और उसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे. मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 20 मई को समाप्त हो रहा है, इसलिए उससे पहले नई सरकार का गठन जरूरी है.

### पुडुचेरी में भाजपा ने की पहली सूची की जारी

**पुडुचेरी.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 अप्रैल को होने वाले पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपने 9 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी. सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) के साथ सीट बंटवारे के समझौते के तहत भाजपा को 10 सीटें मिली हैं. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी सूची के अनुसार मंत्री ए. नमस्सिवायम मन्नाडीपेट सीट से पुन: चुनाव लड़ेंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष एम्बलम आर. सेल्वम मणवेली सीट से फिर मैदान में उतरेंगे. अन्य उम्मीदवारों में ई. थीप्पैनथन (ओस्सुदु-एससी), पीएमएल कल्याणसुंदरम (कालापेट), भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीपी रामलिंगम (राज भवन), ए जॉनकुमार (मुदलियारपेट), जीएनएस राजशेखरन (तिरुनल्लार), टीकेएसएम मीनाक्षीसुंदरम (कराईकल के नेरावी) और ए. दिनेशन (माहे) शामिल हैं.

# बंगाल में चुनाव प्रचार में दिग्गज झोकेंगे ताकत

- पीएम मोदी 26 को चुनाव अभियान की करेंगे शुरुआत
- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज करेंगी रैली





**कोलकाता, 21 मार्च. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 मार्च को उत्तरी बंगाल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. इसी के साथ ही पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद यह राज्य में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत होगी.**

उम्मीद है कि इस रैली के साथ ही भाजपा नेताओं के कई बड़े कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे. पार्टी सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी चुनाव से पहले पूरे पश्चिम बंगाल में कम से कम 14 रैलियां और रोड शो कर सकते हैं.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे. उनके कम से कम आठ बड़े चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होने की योजना है. दूसरी ओर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने भी अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने चुनावी अभियान की शुरुआत अपने गढ़ भवानीपुर से करेंगी. वह रविवार को उत्तरी बंगाल जाने से पहले चेतला स्थित अहिंद्र मंच पर पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करेंगी. तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी 24 मार्च को पत्थरप्रतिमा से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे.

### तमिलनाडु में केंद्रीय बलों की कंपनियां भेजी जाएंगी

**चेन्नई.** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में ड्यूटी के लिए अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त 250 कंपनियां तैनात करने की मंजूरी दे दी है. इससे पहले मंत्रालय ने राज्य के लिए अर्धसैनिक बलों की 50 कंपनियां आवंटित की थीं. निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इन 250 कंपनियों को छह और 13 अप्रैल को तैनात किया जाएगा. तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री अर्चना पटनायक ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इससे पहले केंद्रीय बलों की 50 कंपनियां आवंटित की थीं, जिन्हें 10 मार्च को राज्य में तैनात किया गया था.

# मथुरा में बाबा चंद्रशेखर की मौत पर बवाल

- हाईवे जाम, किया पथराव, 3 घंटे तक यातायात अवरुद्ध
- प्रदर्शनकारियों पर छोड़े आंसू गैस, किया लाठीचार्ज



**मथुरा, 21 मार्च. उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के छाता क्षेत्र में एक संत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. इसके बाद भारी बवाल हो गया.**

आक्रोशित लोगों ने दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर पथराव किया, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा. पुलिस सूत्रों ने बताया कि 'फरसा वाले बाबा' के नाम से प्रसिद्ध बाबा चंद्रशेखर महाराज की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई. घटना के बाद बड़ी संख्या में उनके अनुयायी और ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया. पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मामला सड़क हादसे का प्रतीत हो रहा है. उन्होंने बताया कि एक कंटेनर की जांच के दौरान पीछे से आए ट्रक की टक्कर में बाबा चंद्रशेखर उसकी चपेट में आ गए. मौके पर किसी


## आम सूचना

**Apple Hospital Indore (FUHRC)**

**मरीजों के दस्तावेज (मेडिकल रिकॉर्ड) नष्ट करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, एप्पल अस्पताल इंदौर, समय अवधि जनवरी 2018 से मार्च 2019 तक के मरीज़ों के दस्तावेज (मेडिकल रिकॉर्ड) नष्ट करने जा रहे हैं। मरीज या उनके परिजन और मेडिक्लेम टीपीए कंपनी अगर अपने मरीज का रिकॉर्ड प्राप्त करना चाहते हैं, तो आज सूचना दिनांक से एक माह के भीतर अस्पताल से प्राप्त कर लेवें, इसके पश्चात उक्त समय सीमा के दस्तावेजों के लिए अस्पताल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।**

**एडवोकेट - देवेंद्र प्रजापति**

नामांकन क्रमांक: MP/1889/2018

(एप्पल हास्पिटल 15/1, ट्रांसपोर्ट नगर, भंवरकुआ मेन रोड, इंदौर)

मो. : 8305644924 07314769999

e-mail: frontoffice@aihrc.in, www.applehospital.co.in


# सीएम योगी ने दिए बारिश से हुए नुकसान के आकलन के निर्देश

- कहा- 24 घंटे में दिया जाए मुआवजा



**लखनऊ, 21 मार्च.** उत्तर प्रदेश में बीते दो दिनों में खराब मौसम, आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के बाद किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है, जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रमुख सचिव राजस्व व राहत आयुक्त के साथ अहम बैठक की. सीएम योगी ने अधिकारियों को जनहानि का आंकलन करने और 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश दिए. सीएम ने बीते दो दिनों में राज्य में हुई अति वर्षा और ओला वृष्टि को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड पर उतरकर काम करें और राहत कार्यों पर नजर रखें. किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सीएम योगी ने बैठक में बारिश और ओलावृष्टि की वजह से हुए नुकसान का सटीक आंकलन कर रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा

क्रमांक/PMAY/2026/1595 दिनांक 18/03/2026

**- प्रेस विज्ञप्ति -**

**प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 अन्तर्गत दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र, खण्डवा में वार्ड कमांक 01 से 50 में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अन्तर्गत कुल प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों संख्या 3512 में से 1000 पात्र हितग्राहियों को दावे आपत्ति प्राप्त किये जाकर चुके है शेष आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र 61 हितग्राहियों कि सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति हो तो दिनांक 26/03/2026 को समय सायं 5.00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित समयावधि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाली हितग्राहियों की सूची नगर पालिक निगम खण्डवा एवं प्रधान मंत्री आवास सूचना पटल पर आम चस्पा की गयी है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

आयुक्त

नगर पालिक निगम खण्डवा


# हमेशा से गौरवशाली रहा है बिहार का इतिहास : सीएम नीतीश

**पटना, 21 मार्च.** नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं. शुभकामना संदेश में कहा है कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है और वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं. वहीं मुख्यमंत्री नीतीश ने चैती छठ के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं. मुख्यमंत्री ने शुभकामना संदेश में कहा है कि छठ आत्मानुशासन का पर्व है. जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचलगामी और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं.


## वेस्टर्न केपिटल एडवाईजर्स प्रायवेट लिमिटेड

WESTERN CAP

क्षेत्रीय कार्यालय : ऑफिस नं. 203, ओम गुरुदेव प्लाजा, सावित्री एम्पायर, सयाजी होटल के पीछे, इन्दौर (म.प्र.) - 452010.

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस**

निम्न उधारकर्ता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि **मेसर्स वेस्टर्न केपिटल एडवाईजर्स प्रायवेट लिमिटेड (WCAPL)** से ऋण प्राप्त किया है लेकिन उनके द्वारा ऋण की ईएमआई **(EMIs)** का नियमित भुगतान नहीं किया गया है और इस कारण नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशो के तहत उनका ऋण खाता एनपीए (नॉन परफार्मिंग एसेट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन उधारकर्ताओ ने WCAPL के पास सिक्युरिटी के रूप में अचल संपत्ति रखी है जिनका ब्यौरा और आज तारीख तक उधारकर्ता द्वारा WCAPL को चुकायी जाने वाली ऋण एवं बकाया राशि का ब्यौरा भी नीचें दर्शाया गया है। उधारकर्ता और सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि WCAPL के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में निम्न हस्ताक्षरकर्ता, जमानती लेनदार ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 के तहत निम्न उधारकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की है। यदि निम्न उधारकर्ता उनके नाम के सामने दर्शाए गए बकाया देयों का भुगतान इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर नहीं करता है तो जमानती लेनदार को सरफेसी (SARFAESI Act) अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अतर्गत प्रदत्त एक या उससे अधिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए इस संपत्ति को कब्जा/अधिकार में लेने और इसे बेचने की कार्यवाही करेंगे। सामान्य जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचें वर्णित संपत्ति के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी के नाम लोन खाता नं./शाखा | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | सुरक्षित आस्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | लोन : WRLMH-H-JAO0101250806/शाखा : जावरा जिला रतलाम **1. ईश्वर सिंह पिता रघुसिंह चौहान (ऋणी), 2. अवंतिकाबाई पति ईश्वर सिंह (सहऋणी) दोनो का पता :** वार्ड नंबर 9, ग्राम कल्याणपुरा, तहसील ताल, जिला रतलाम (म.प्र.). **दोनो का अन्य पता :** 79/1, प.ह.न. 20, ग्राम कल्याणपुरा, तहसील ताल जिला रतलाम (म.प्र.) | 07-03-2026 & Rs. 21,62,536/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण संपत्ति का पता : 79/1, प.ह.न. 20, ग्राम कल्याणपुरा, तहसील ताल जिला रतलाम (म.प्र.) |

**स्थान : मध्यप्रदेश**

**दिनांक : 22.03.2026**

**प्राधिकृत अधिकारी**

**तर्फे वेस्टर्न केपिटल एडवाईजर्स प्रायवेट लिमिटेड**